Fundamental Of Nursing, 03

Q. नर्स के प्रमुख कार्यों का वर्णन कीजिए।

Explain the main functions of a nurse.

उत्तर - नर्स के प्रमुख कार्य निम्न प्रकार हैं-

1. देखभाल करने वाली (Caregiver) -

नर्स देखभाल के रूप में रोगी के ईलाज के समय रोगी के साथ रहती है और डॉक्टर द्वारा लिखित दवाईयाँ रोगी को देती है तथा रोगी की दवा के प्रभाव का परीक्षण भी करती है और तो और रोगी की सभी स्वास्थ्य सम्बन्धित आवश्यकताओं की पूर्ति करती है।

2. शिक्षक के रूप में (Educator) –

नर्स का शिक्षक होना बहुत जरूरी होता है ताकि वह छात्र-छात्राओं व रोगी एवं उसके परिवार को शिक्षा देने मे अपना योगदान कर सके।

नर्स रोगी व रोगी के परिवार को स्वास्थ्य सम्बन्धित शिक्षा देती है और रोगों से बचाव के बारे में भी सिखाती व समझाती है।

एक प्रशिक्षित नर्स शिक्षार्थी (student) नर्स को प्रक्रिया (procedure) के बारे में समझाती है।

3. प्रबंधक के रूप में (Manager) -

रोगी की देखभाल के लिये सभी आवश्यक साधनों की व्यवस्था एक नर्स करती है तथा वार्ड में सही माहौल बनाकर रखती है।

4. विचारों की संप्रेक्षक के रूप में (Communicator) –

नर्स रोगी की सभी तरह की आवश्यकताओं एवं स्थिति के बारे में अपने रोगी व चिकित्सक दल तथा परिवार के सदस्यों के बीच में एक सेतू की तरह कार्य करती है।

5. शोधकर्ता के रूप में (Researcher) –

नर्स रोगी के रोग के निदान (diagnose) में चिकित्सक की सहायता करती है।

6. अधिवक्ता के रूप में (Advocate) –

नर्स अपने रोगी की सुरक्षा के लिये एक विधि विषेशज्ञ की तरह कार्य करती है। जैसे रोगी को सुरक्षित वातावरण प्रदान करती है।

7. सलाहकार के रूप में (Counsellor) –

नर्स सभी प्रकार की समस्या को समझने व सुलझाने में रोगी की मदद करती है। रोगी को निर्णय लेने में सहायता प्रदान करती है।

8. पुर्नवासन में सहायक (Rehabilitation) –

नर्स रोगी को समाज में पुर्नस्थापित करने में योगदान देती है तथा परिवार में स्थापित होने व अपनी जीविका कमाने लायक बनाने में मदद करती है।

9. नर्स एक प्रशासक (administrator) के रूप में भी काम करती है।

10. समन्वयक (co-ordinator) के रूप में भी एक नर्स का योगदान होता है।

11. नर्स पर्यवेक्षक (observer) की भूमिका भी निभाती है।

12. नर्स रोगी को सुरक्षा भी प्रदान करती है।

The main functions of a nurse are as follows-

1. Caregiver -

The nurse stays with the patient during the treatment as a caregiver and gives the patient the medicines prescribed by the doctor and also tests the effect of the medicine on the patient and also fulfills all the health related needs of the patient.

2. As an Educator -

It is very important for a nurse to be a teacher so that she can contribute in educating the students, the patient and his family.

The nurse gives health related education to the patient and the

patient's family and also teaches and explains about the prevention of diseases.

A trained nurse explains the procedure to the student nurse.

3. As a Manager -

A nurse arranges all the necessary resources for the care of the patient and maintains the right atmosphere in the ward. 4. As a Communicator – The nurse acts as a bridge between the patient, the medical team and the family members regarding all the needs and conditions of the patient.

5. As a Researcher – The nurse helps the doctor in diagnosing the patient's disease.

6. As an Advocate – The nurse acts as a legal expert for the safety of her patient. For example, she provides a safe environment to the patient.

7. As a Counselor – The nurse helps the patient in understanding and solving all types of problems. She helps the patient in taking decisions.

8. Helpful in Rehabilitation – The nurse contributes in rehabilitating the patient in the society and helps him in getting established in the family and making him capable of earning his livelihood.

9. The nurse also works as an administrator.

10. A nurse also contributes as a co-ordinator.

11. The nurse also plays the role of an observer.

12. The nurse also provides security to the patient.

Q. नर्सिंग के नैतिक पहलू का वर्णन कीजिए।

Explain the ethical aspect of nursing.

उत्तर- नर्सिंग के नैतिक पहलू (Ethical Aspect of Nursing) -

"नीति" शब्द की उत्पत्ति ग्रीक शब्द इथोस (ethos) से हुई है जिसका अर्थ है विश्वास, रीतिरिवाज एवं आस्थाएँ।

नीति वह नियम व सिद्धांत होते हैं जो कि एक अच्छे आचरण को निश्चित करते हैं एवं दर्शाते हैं कि क्या अच्छा है और क्या बुरा है?

नीतिशास्त्रीय नियम (ethical rules) मानव अधिकारों की रक्षा के लिए बनाये गये हैं।

आचार संहिता (Code of Ethics)

आचार संहिता, सिद्धांतों का वह समूह होता है जिसे व्यवसाय के सभी सदस्य स्वीकार करते हैं।

जब व्यक्ति किसी भी व्यवसाय को अपनाता है तो उसे उसी व्यवसाय की आचार संहिता भी अपनानी पड़ती है तथा उसे निभाने की पूरी जिम्मेदारी भी लेता है।

नर्सिंग के लिए आचार संहिता को सन् 1953 में इन्टरनेशनल कॉन्सिल ऑफ नर्सेस (International Council of Nurses, I.C.N.) के द्वारा जारी किया गया था। इसके कुछ मुख्य तत्व हैं जिनमें आचरण पर बल दिया गया है जैसे-

1. नर्स और जनता (Nurse and People) -

इसमें रोगी की बीमारी में देखभाल करना नर्स की सबसे पहली जिम्मेदारी होती है।

नर्स रोगी की देखभाल के साथ-साथ उसके धर्म, रीति-रिवाज व अंर्तात्मिक विश्वास का भी सम्मान करती है।

नर्स को रोगी के ऊपर किसी भी प्रकार का निर्णय नही थोपना चाहिये।

2. नर्स और चिकित्सा कार्य (Nurse and Practice)

नर्सिंग में नर्स के द्वारा किए जाने वाले कार्य की जिम्मेदारी व जबावदेही उसकी खुद की होती है इसलिये नर्स को चिकित्सा कार्य के दौरान अपने स्वास्थ्य के साथ-साथ रोगी का भी पूरा ध्यान रखना चाहिये।

नर्स को चिकित्सक कार्य में उच्चतम मानक रोगी की सेवा को बनाना चाहिये।

3. नर्स और व्यवसाय (Nurse and Profession) –

नर्स को अपने व्यवसाय में ईमानदारी व लगन से कार्य करना चाहिये तथा अलग-अलग क्षेत्र में कार्य करते हुए सेवा का स्तर बनाए रखना चाहिये।

नर्स रोगी की सेवा के साथ-साथ रोगी को बीमारी के बारे में शिक्षा प्रदान करती है।

4. नर्स और सह कर्मचारी (Nurse and Co-worker) –

नर्स अपने साथ काम करने वाले सभी व्यक्तियों के साथ एक सहयोगी संबंध बनाए रखती है। सहकर्मियों के कार्य में उनकी मदद भी करती है और उनकी गलतियों को बचाने के लिये सही action भी लेती है।

The word "ethics" is derived from the Greek word ethos which means faith, customs and beliefs.

Ethics are those rules and principles which determine good conduct and show what is good and what is bad.

Ethical rules are made to protect human rights.

Code of Ethics

Code of Ethics is a set of principles which all the members of the profession accept.

When a person adopts any profession, he has to adopt the code of conduct of that profession and also takes full responsibility to follow it.

The code of conduct for nursing was issued by the International Council of Nurses (I.C.N.) in 1953. It has some main elements in which behavior has been emphasized such as-

1. Nurse and People -

In this, the first responsibility of the nurse is to take care of the patient during illness. Along with taking care of the patient, the nurse also respects his religion, customs and inner beliefs.

The nurse should not impose any kind of decision on the patient.

2. Nurse and Medical Practice

The nurse is responsible and accountable for the work done by her in nursing, so the nurse should take full care of her own health as well as the patient during medical work.

The nurse should make the service of the patient the highest standard in medical work.

3. Nurse and Profession –

The nurse should work honestly and diligently in her profession and should maintain the level of service while working in different fields.

Along with serving the patient, the nurse also provides education to the patient about the disease.

4. Nurse and Co-worker –

The nurse maintains a cooperative relationship with all the people working with her. She also helps her colleagues in their work and takes appropriate action to prevent their mistakes.

Q. अस्पताल को परिभाषित कीजिए एवं इसके प्रमुख कार्य लिखिए।

Define hospital and write down its main functions.

उत्तर- अर्थ (Meaning) – अस्पताल (hospital) शब्द की उत्पत्ति लेटिन शब्द होसपिटेलिस (hospitalis) से हुई है जो होसपेस (hospes) शब्द से आया है जिसका अर्थ है "मेजबान (Host)।"

अस्पताल वह स्थान होता है जहाँ रोगी को चौबीस घंटे, दिन व रात, महीने व सालों तक रख कर उसका इलाज किया जाता है जब तक कि वह ठीक न हो।

रोगी के लिये अस्पताल का वातावरण इस तरह बनाया जाता है।

जिससे कि उसके स्वास्थ्य पर अच्छा प्रभाव पड़े और वह जल्दी ठीक होकर अपने घर लौट सके।

अस्पताल में सभी तरह की सुविधाएँ रोगी को प्राप्त होती हैं।

The word hospital is derived from the Latin word hospitalis which is derived from the word hospes which means "host".

A hospital is a place where a patient is treated 24 hours a day, day and night, for months and years until he recovers. The hospital environment is created in such a way for the patient that it has a good effect on his health and he can recover quickly and return home. The patient gets all kinds of facilities in the hospital.

परिभाषा (Definition) -

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार अस्पताल किसी सामाजिक एवं चिकित्सा संबंधी संगठन का एक अभिन्न भाग होता है जिसका कार्य जनता को उपचारात्मक एवं निरोधक दोनों ही प्रकार की सम्पूर्ण सेवा प्रदान करना है तथा जिसकी बाह्य रोगी सेवाएँ, परिवार व घरेलू पर्यावरण तक पहुँचती हों।

अस्पताल स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण एवं जैव सामाजिक अनुसंधानों के लिये एक केन्द्र की है।

According to the World Health Organization, a hospital is an integral part of a social and medical organization whose function is to provide a complete service to the population, both curative and preventive, and whose out-patient services reach the family and home environment.

The hospital is a centre for training health workers and for biosocial research.

अस्पताल के कार्य (Function of Hospital) -

अस्पताल के कुछ प्रमुख कार्य निम्नलिखित हैं-

1. बीमारी से बचाना (Prevention from disease)

2. स्वास्थ्य की पुर्नस्थापना (Rehabilitation)

3. स्वास्थ्य की उन्नति (Promotion of health)

4. रोगों का इलाज व निदान करना (Diagnose and treatment of disease)

5. रोगी की देखभाल करना (Care of the patient)

6. घायलों की देखभाल करना (Care of the injured)

7. बाह्य रोगी सेवाएँ (Outpatient services)

8. मरीज को भर्ती करने की सेवाएँ (In-Patient services)

9. मेडिकल एवं नर्सिंग अनुसंधान करना (Doing Medical and Nursing Research)

10. प्रोफेशनल लोगों को प्रशिक्षण (Training for professionals)